अनुस्मारक / शीर्ष प्राथमिकता

नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, उत्तर प्रदेश,

टी.सी.जी. / 1–ए–वी 5, विभूति खण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ–226010

पत्रांक: 771 / व.वा. / वृक्षारोपण / 2023–24 दिनांक 08 / 8 / 2023

सेवा में,

1. उपाध्यक्ष,
झांसी, सहारनपुर, बांदा, उन्नाव–शुक्लागंज, फिरोजाबाद–शिकोहाबाद, आजमगढ़ तथा बस्ती विकास प्राधिकरण, उत्तर प्रदेश।

2. अध्यक्ष,
कुशीनगर, शक्तीनगर, तथा चित्रकूट विशेष क्षेत्र, विकास प्राधिकरण, उत्तर प्रदेश।

विषय: वर्ष 2023–24 में 8,73,500 पौधारोपण एवं वृक्षारोपण अभियान–2023 के प्रथम एवं द्वितीय चरण के लक्ष्यों के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक इस कार्यालय के पत्र संख्या–733 / व.वा. / वृक्षारोपण / 2023–24 दिनांक 31.07.2023, पत्र संख्या–659 / व.वा. / वृक्षारोपण / 2023–24 दि0 20.04.2023 एवं शासन के पत्र संख्या–600 / आठ–1–23–34 बैठक / 2017टी.सी. दिनांक 19 जून, 2023 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा वर्ष 2023–24 में 8,73,500 पौधे रोपित किये जाने का लक्ष्य विभाग के अभिकरणों द्वारा रखा गया है।

2. इस सम्बन्ध में अवगत कराना है कि प्रथम चरण दिनांक 22 जुलाई, 2023 तक अभिकरणों से प्राप्त सूचना के आधार पर 4,47,784 पौधारोपण किया गया है, जो कि लक्ष्य से काफी कम है, तथा आपके कार्यालय से कोई भी सूचना अभी तक प्राप्त नहीं हुई है, जिससे पौधारोपण की प्रगति रिपोर्ट शासन को उपलब्ध कराये जाने में विलम्ब हो रहा है।

3. अतः आपसे पुनः अनुरोध है कि कृपया प्रथम चरण को हुए वृक्षारोपण की कार्यवाही एवं द्वितीय चरण दिनांक 15 अगस्त, 2023 को पौधारोपण की तैयारी की सूचना की प्रगति रिपोर्ट यथाशीघ्र इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें, जिससे पौधारोपण की प्रगति रिपोर्ट शासन को उपलब्ध करायी जा सके।

भवदीय,

8-8-23

(अनिल कुमार मिश्र)
मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक

पत्रांक एवं दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि:–संयुक्त सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–1, उ.प्र. शासन को सूचनार्थ प्रेषित।

(अनिल कुमार मिश्र)
मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक